पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी

---

26 जनवरी को आकाशवाणी और दूरदर्शन से होगा राज्यपाल के सन्देश का प्रसारण

लखनऊ : 25 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आजादी के अमृत काल का गौरवशाली 75वां गणतंत्र दिवस है। उन्होंने इसे संविधान निर्माण का उत्सव बताते हुए कहा कि संविधान के अंतर्गत सभी का दायित्व है कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्श और मूल्य के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें।

राज्यपाल जी ने भारत की समावेशी विचारधारा, राष्ट्रीय एकता और गतिशीलता के साथ–साथ संविधान के मूल्यों व आदर्शों को संजोए रखने का भी आह्वान किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल जी का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी, 2024 को रात्रि 8:00 बजे और दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी, 2024 को प्रातः 8:30 बजे प्रसारित किया जायेगा।

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250